# कार्यालय पुलिस उपायुक्त (अपराध), पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

दिनांक- 04-08-2025

**विषयः पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल द्वारा हाल ही में गठित एसओजी-2 टीम की बड़ी कार्रवाई, 02 स्पा सेंटरों पर एक साथ स्ट्राइक कर अनैतिक दुर्व्यापार पर हुयी कार्यवाही।**

- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन तथा डीसीपी क्राइम श्री सरवणन टी. के नेतृत्व में गठित विशेष संचालन समूह (SOG-2) को सौंपे गए कार्य: अवैध कार्य - जैसे जुआ, सट्टा, देह व्यापार, अवैध हुक्काबार, मादक द्रव्यों की बिक्री आदि पर विशेष निगरानी और कार्यवाही के अनुक्रम में थाना चितईपुर क्षेत्र में स्पा सेंटर की आड़ में संचालित दो देह व्यापार अड्डों पर योजनाबद्ध, सघन एवं प्रभावी कार्रवाई की गई।
- स्पा-सेन्टरों में चल रहे अनैतिक दुर्व्यापार की सूचना को टीम द्वारा ग्राहक बनकर किया गया सत्यापित, जिसके बाद सटीक सूचना पर की गयी कार्यवाही।
- दोनों स्पा सेंटरों से प्रयुक्त एवं अप्रयुक्त कंडोम, मोबाइल फोन, रजिस्टर, एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।
- पुलिस लाइन से 15 पुलिसकर्मियों को सादे वस्त्रों में साथ लेकर दोनों स्थानों पर सटीक जानकारी के बाद एक साथ किया गया स्ट्राइक।
- प्रारंभिक पूछताछ के उपरांत स्पा-संचालन से जुड़े व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।
- दोनो स्पा-सेन्टरों को सीज करने का दिया गया निर्देश।
- स्पा सेंटरों की नियंत्रण एवं सत्यापन प्रक्रिया को सख्त करने, उनकी लाइसेंसिंग, समय-समय पर जांच व निगरानी हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।
- SOG-2 टीम को भविष्य में भी इस प्रकार के गुप्त अभियान तेज करने, संदिग्ध स्पा सेंटरों की सूची अपडेट रखने और अन्य एजेंसियों से समन्वय हेतु निर्देशित किया गया है।
- कार्रवाई के दौरान CCTV फुटेज संग्रह, मोबाइल डेटा एनालिसिस एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया गया है।

आज दिनांक 04.08.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन एवं डीसीपी क्राइम श्री सरवणन टी. के नेतृत्व में गठित विशेष संचालन समूह (SOG-2) द्वारा अवैध गतिविधियों जैसे जुआ, सट्टा, देह व्यापार, अवैध हुक्काबार व मादक पदार्थों की बिक्री पर सतत निगरानी एवं कार्रवाई के क्रम में थाना चितईपुर क्षेत्र स्थित दो स्पा सेंटरों पर, जो देह व्यापार की आड़ में संचालित हो रहे थे, योजनाबद्ध एवं प्रभावी छापेमारी की गई। गुप्त सूचना के आधार पर SOG-2 टीम द्वारा ग्राहक बनकर पहले सूचना का सत्यापन किया गया और फिर पुलिस लाइन से 15 सादी वर्दीधारी जवानों के साथ दोनों स्थानों पर एकसाथ कार्रवाई की गई। मौके से प्रयुक्त-अप्रयुक्त कंडोम, मोबाइल फोन, रजिस्टर व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई तथा स्पा संचालन से जुड़े व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। दोनों स्पा सेंटरों को सीज करने का निर्देश देते हुए, उनके संचालन की जांच, सत्यापन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया को कड़ा करने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। SOG-2 को भविष्य में भी गुप्त अभियानों को तेज करने, संदिग्ध स्पा सेंटरों की सूची अपडेट रखने एवं अन्य एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान CCTV फुटेज, मोबाइल डेटा व फॉरेंसिक साक्ष्य भी सुरक्षित किए गए हैं।

**मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त (अपराध),**
**वाराणसी।**